
**सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (सी.एच.डब्ल्यू)**
**शहरी मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता**
सीरीज-संस्करण 2.0

## इस हाई इम्पैक्ट एप्रोच का उपयोग क्यों करें?

# सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता शहरी गरीबों को वांछित परिवार-नियोजन सेवाओं से जोड़ते हैं


**सी.एच.डब्ल्यू / शहरी आशा अपने समुदाय और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। समुदाय में उनकी स्वीकार्यता है और वे परिवार नियोजन सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। प्रमाणों से स्पष्ट होता है कि जिन महिलाओं को आशा परामर्श देती है उनके परिवार नियोजन अपनाने की सम्भावना अधिक होती है।**



**पहला चरण**

### आशा को ऑनबोर्ड करना और उनको क्षेत्र आवंटित करना

नवीनतम मैपिंग और लिस्टिंग डेटा देखें और सुनिश्चित करें कि जनसंख्या के अनुसार पर्याप्त संख्या में आशा ऑनबोर्ड की गई हैं। उनके क्षेत्रों को परिभाषित करें और उन्हें कोच करें। यदि पर्याप्त संख्या में आशा ऑनबोर्ड नहीं हुई हैं, तो कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पी.आई.पी) चक्र या अतिरिक्त पी.आई.पी चक्र में अनुरोध करें।



**दूसरा चरण**

### परिवार नियोजन पर विशिष्ट और गहन प्रशिक्षण

आशाओं को दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण प्रदान करें, विशेष रूप से जनसंख्या रजिस्टर को अद्यतन करना, आधुनिक गर्भनिरोधक विधियों पर, इन्फॉर्मड चॉइस परामर्श देने पर, परिवार नियोजन जॉब एड्स का उपयोग, बच्चों की संख्या और उम्र के आधार पर पात्र दम्पत्तियों को प्राथमिकता देना, जेंडर पर जागरूकता फैलाना, पात्र दम्पत्तियों को एफ.डी.एस / अंतराल दिवस, खुशहाल परिवार दिवस, यू.एच.एन.डी और आउटरीच शिविरों के लिए संदर्भित करना, एफ.पी.एल.एम.आई.एस इंडेंटिंग, सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार उपलब्ध प्रोत्साहन राशि, लाभार्थियों के साथ फॉलो-अप, ओ.सी.पी और कंडोम का वितरण और आपात स्थिति के लिए तैयारी।



**तीसरा चरण**

### आशा सुपरवाइजर ऑक्सिलरी नर्स मिडवाइफ (ए.एन.एम) को कोच करें

ए.एन.एम की कोचिंग आशा को नियमित ऑन-द-जॉब मेंटरिंग और पर्यवेक्षण सहयोग प्रदान करने पर करें ताकि आशा प्रशिक्षण को व्यवहार में ला सके। ए.एन.एम पात्र दम्पत्तियों की सूची की समीक्षा करें, जॉब ऐड के उपयोग और इन्फॉर्मड चॉइस प्रदान करने को प्रदर्शित कर के दिखाए, यू.एच.आई.आर, वाउचर आदि से संबंधित दस्तावेज़ीकरण कार्य में आशा की सहायता करें।



**चौथा चरण**

### आशा और ए.एन.एम की बैठक को कोचिंग और मेंटरिंग प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित करें

आशा और ए.एन.एम मीटिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग आशा और ए.एन.एम की समीक्षा करने, उन्हें प्रेरित करने और नियमित रूप से कोच करने, यू.एच.आई.आर और प्रलेखन कार्य की जांच करने और कम प्रदर्शन करने वाली आशाओं का सहयोग करने, सकारात्मक अनुभवों और चुनौतियों को साझा करने के लिए आशा को प्रोत्साहित करने के लिए करें।



**पांचवां चरण**

### उत्साहवर्धन

आशा को शासकीय परिवार नियोजन योजनाओं के अनुसार प्रोत्साहन राशि का समय से भुगतान कराएं। अच्छा प्रदर्शन करने वाली आशाओं को पुरस्कृत करें जिससे उनका उत्साहवर्धन हो और निरंतर अपने कार्य में बनी रहे।

टी सी आई इंडिया के इस दृष्टिकोण को वैश्विक उच्च प्रभाव अभ्यास के तहत मैप किया गया है।

अधकि जानकारी के लयि देखें:
https://tciurbanhealth.org/lessons/enabling-social-health-activists/